कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्र./एफ– /1/सा.प्र.वि./2021/439 भिलाई, दिनांक 23/03/21

//आदेश//

कार्यालयीन आदेश क्रं./एफ–285/1/सा.प्र.वि./शि.जां./2017/7733 दिनांक 30.1.2017 के द्वारा संस्थित विभागीय जांच तथा कार्यालयीन आदेश क्रं./एफ–285/1/सा.प्र.वि./2020/1476 दिनांक 24.12.2020 के द्वारा संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) के पत्र क्रं./शा–1/विविध/4102/2016/5203 दिनांक 24.04.2019 एवं संयुक्त संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास अटल नगर नवा रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक/ शा–1/विविध/4102/2016/8744 दिनांक 05.12.2020 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार बिलासपुर में महाराणा प्रताप चौक से मंगला चौक तक गौरव पथ निर्माण कार्य में की गई अनियमितताओं के लिये नगर पालिक निगम, भिलाई के श्री राजकुमार साहू, उप अभियंता के विरूद्ध विभागीय जांच में नियुक्त जांचकर्ता अधिकारी मुख्य अभियंता संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास (यांत्रिकी प्रकोष्ठ) नवा रायपुर अटल नगर, श्री यू.के. धलेन्द्र, मुख्य अभियंता को विभागीय जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जांच अधिकारी सह मुख्य अभियंता, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक/या.प्र./जांच/2020/9353 दिनांक 24.12.2020 के द्वारा संचालक, संचालनालय, रायपुर के पत्र दिनांक 24.04.2019 एवं निगम भिलाई के उक्त कार्यालयीन आदेश दिनांक 24.12.2020 के परिपालन में विभागीय जांच में प्रस्तुत अभिलेखों एवं उपस्थित साक्षियों के बयान तथा अपचारी द्वारा प्रतिपरीक्षण के आधार पर की गई जांच प्रतिवेदन में श्री राजकुमार साहू, उप अभियंता के विरूद्ध लगाये गये **आरोप प्रमाणित होना नही पाया गया है।**

अतः श्री राजकुमार साहू, उप अभियंता के विरूद्ध अधिरोपित आरोप प्रमाणित नही होने के कारण नियमानुसार उनके निलंबन अवधि को कार्य अवधि मानते हुए समस्त वेतन भत्ते प्रदान करने एवं संस्थित विभागीय जांच को समाप्त किया जाता है।

(ऋतुराज रघुवंशी)
आई.ए.एस.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ– /1/सा.प्र.वि./2021/440 **भिलाई, दिनांक 23/3/21**

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर को सूचनार्थ।
2. संचालक, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग. नया रायपुर को सूचनार्थ।
3. प्रशासक, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

क्रमश..............

4. मुख्य अभियंता तकनीकी शाखा संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास (यांत्रिकी प्रकोष्ठ) नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ।
5. उपायुक्त 1/2, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. उप संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, राजनांदगांव को सूचनार्थ।
8. अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर नगर पालिक निगम भिलाई को विभागीय बेवसाईड में अपलोड करने हेतु।
10. श्री राजकुमार साहू, उप अभियंता नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
11. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई